पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून शनिवार 18 जुलाई 2020





पल्टन बाजार में सेनिटाइजर छिड़ता हुआ नगर निगम का कर्मचारी।

# चारधाम यात्रा मार्ग तेजी पूर्ण होना और भी आवश्यकः सीएम

**बैठक**

■मुख्यमंत्री ने चारधाम परियोजना के सम्बन्ध में बैठक की

■चारधाम परियोजना सामरिक दृष्टि से भी अति महत्वपूर्णः गडकरी

**संवाददाता**

देहरादून। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह एवं मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चारधाम परियोजना के सम्बन्ध में बैठक की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि चारधाम परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जो सामरिक दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है। इसे निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरा किए जाने के लिए तेजी से कार्य किए जाएं। राज्य एवं केन्द्र स्तर पर भूमि अधिग्रहण, वन एवं पर्यावरण आदि की क्लीयरेंस के लम्बित प्रकरणों को समयबद्धता के साथ निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए केन्द्र एवं राज्य के अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें। केन्द्र एवं राज्य स्तर के सम्बन्धित अधिकारी लगातार बैठकें आयोजित कर आपत्तियों का निस्तारण करें।



मुख्यमंत्री ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। चारधाम यात्रा मार्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण इसका तेजी पूर्ण होना और भी आवश्यक है। गैरसैण को उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने गडकरी से गैरसैण को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग–87 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309–ए को विकसित कर टू–लेन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भराड़ीसैण ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित होने के फलस्वरूप यातायात बढ़ने की सम्भावना है, जिसके दृष्टिगत नेशनल हाईवे–87 का चौड़ीकरण अपरिहार्य है। केन्द्रीय मंत्री ने इस पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए इसकी डीपीआर मंत्रालय को शीघ्र उपलब्ध करवाने को कहा।

बैठक में बताया गया कि कुल 12072 करोड़ लागत एवं कुल 826 किमी लम्बाई की इस चारधाम परियोजना का शुभारम्भ 27 दिसम्बर, 2016 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इस महत्वकांक्षी परियोजना के अन्तर्गत 350 किमी लम्बाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, वन एव पर्यावरण मंत्रालय, बीआरओ और उत्तराखण्ड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309–ए के टू–लेन होने से पिथौरागढ़, मुनस्यारी, डीडीहाट, गंगोलीहाट, चौकोड़ी बेरीनाग आदि पर्यटक स्थल जुड़ जाएंगे, जो पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के 208 किमी लम्बाई के इस भाग को 02 लेन चौड़ीकरण हेतु डीपीआर एवं भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि चौकोड़ी से अल्मोड़ा तक प्रथम चरण में कुल 126 किमी लम्बाई की डीपीआर गठन की कार्यवाही गतिमान है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि मंत्रालय द्वारा चारधाम परियोजना से सम्बन्धित सभी प्रकार की क्लीयरेंस का निस्तारण तेजी के साथ किया जा रहा है।

## उत्तराखण्ड का पूरा क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्णः वी.के. सिंह

सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड का पूरा क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। चारधाम परियोजना सभी प्रकार के मार्गों के काम को तेजी से पूर्ण करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधिकारियों को अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सभी प्रकार की क्लीयरेंस के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी निभाते हुए क्लीयरेंस एवं आपत्तियों का निस्तारण करना होगा।

# एम्स ऋषिकेश में 24 घंटे में फूटा कोरोना बम

देहरादून। **संवाददाता**

**कहर**

■24 घंटे में 21 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव, 12 लोग ऋषिकेश के

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में पिछले 24 घंटे में 21 लोगों की कोविड सेंपल रिपोर्ट पाजिटिव आई है। जिनमें 12 स्थानीय लोग शामिल है। संस्थान की ओर से इस बाबत स्टेट सर्विलांस ऑघफिसर को सूचित कर दिया गया है।

एम्स ऋषिकेश के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि संस्थान में की गई सेंपलिंग में 21 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव पाई गई है। उन्होंने बताया कि श्यामपुर निवासी एक 28 वर्षीय गर्भवती महिला जो कि 15 जुलाई को ओपीडी में आई थी। जिसका कोविड सेंपल लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। महिला एसिम्टोमैटिक है। महिला को एम्स कोविड वार्ड में भर्ती कर दिया गया है।

दूसरा मामला एम्स ऋषिकेश आवासीय परिसर निवासी एक 23 वर्षीय युवक जो बीते बुधवार को एम्स ओपीडी में आया था, जहां चिकित्सक ने इसका कोविड सेंपल लिया जो कि पॉजिटिव पाया गया है, यह युवक तीन दिन पूर्व राजस्थान से यहां आया था और 15 जुलाई से ही सीमा डेंटल कॉलेज ऋषिकेश में




क्वारंटाइन था। आईडीपीएल निवासी एक 23 वर्षीय युवक जो एम्स में आयुष्मान भारत सेल में कार्यरत है बीते बुधवार को बुखार, खांसी व छाती में दर्द की शिकायत के साथ एम्स कोविड स्क्रीनिंग ओपीडी में आया था, जहां इसका सेंपल लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है। यह युवक बीती 15 जुलाई से होम क्वारंटाइन में था, युवक को एम्स कोविड वार्ड में भर्ती किया गया है।

एक अन्य मामला टिहरी विस्थापित कॉलोनी का है, एक 35 वर्षीय महिला जो कि बुखार की शिकायत के साथ बीती 15 जुलाई को बुखार की शिकायत के साथ एम्स ओपीडी में आई थी, जिसकी कोविड सेंपल रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, महिला होम क्वारंटाइन में थी, गौरतलब है कि महिला के पति की रिपोर्ट पूर्व में कोविड पॉजिटिव आई है, चिकित्सकों ने उसे नजदीकी सीसीसी सेंटर में भर्ती होने का सुझाव दिया है।

प्रदेश में अब तक कोरोना के 3982 मामले आ चुके हैं। जिनमें 2995 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना संक्रमित 33 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं, जबकि 904 का विभिन्न अस्पतालों व कोविड केयर सेंटर में उपचार चल रहा है।

## मूलभूत समस्याओं के समाधान को जनता के बीच जायेगी आपः आनंद

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मुलाकात कर लौटे आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि प्रदेश में चुनाव लड़ने को लेकर पार्टी का विजन बिलकुल साफ है और जिन मूलभूत सुविधाओं से उत्तराखण्ड की जनता त्रस्त है उन्ही को लेकर आम आदमी पार्टी जनता के बीच उतरेगी। हर समस्याओं का समाधान करने का काम किया जायेगा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य को मुफ्त मुहैया करवाने के क्षेत्र में ही कार्य किया जाएगा। आज दिल्ली को लोग एक रोल मॉडल के रूप में देख रहे है। वही सुविधाए उत्तराखण्ड की जनता को भी मिले इसी दिशा में कार्य किया जाएगा। आनंद ने बताया कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से आगामी चुनाव में जनता की एक्सपेक्टेशन और कार्य नीति को लेकर ही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीतम सिंह ने मनीष खण्डूरी को दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कि विशेष आमंत्रित सदस्य मनीष खण्डूरी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया कमेटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत होने पर बधाई देते हुए केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने मनीष खण्डूरी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि पार्टी की सोशल मीडिया कमेटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत होने पर पार्टी संगठन को उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा तथा संगठन को मजबूती मिलेगी।

### उत्तराखंड क्रांति दल में शामिल हुए युवा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति युवा प्रकोष्ठ में लगातार युवाओं का झुकाव लगातार बढ़ता जा रहा है और युवा वर्ग दल की नीतियों से जनता को जागरूक करने का काम कर रहे है और कई युवाओं ने दल की सदस्यता ग्रहण की है। केन्द्रीय कार्यालय में आज उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, तथा साथ में रायपुर विधानसभा के अंतर्गत सैकड़ों युवा उक्रांद से जुड़े, केंद्रीय कार्यालय में आज एक कार्यक्रम के दौरान दल के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक त्रिवेन्द्र पंवार द्वारा की गयी है।

### स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन आज

**संवाददाता** देहरादून। हरेला पर्व पर स्पीच प्रतियोगिता उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई के नेतृत्व में हरेला अध्यक्ष डॉ प्रेम कश्यप के द्वारा शनिवार की सुबह 10 बजे वीडिया कान्फ्रेंस के द्वारा स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यहां जारी एक बयान में गढवाल प्रभारी जी एस ने कहा कि जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे हरेला के महत्व के बारे में बताते हुए तीन मिनट की वीडियो कान्फ्रस मे विचार रख पाएंगे और केवल 20 बच्चों का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और 10 को रिजर्व रखा जाएगा और परिणाम भी उसी वक्त घोषित किए जाएंगे।

### समर्थकों संग आस–पास के क्षेत्रों में किया पौधारोपण

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में घोषित हरेला पखवाडे के अंतर्गत कांग्रेसजन अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार हरेला पर्व पर फलदार एवं छायादार पौधे रोप रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण का भी लगातार संकल्प ले रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व प्रदेश सचिव टीटू त्यागी ने अपने समर्थकों व क्षेत्रवासियों के साथ मिल कर अपने आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।